दिनांक 24.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आहुत की गई। जिसमें प्रमुख रुप से नागरिकों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को समयानुसार लागु करने के लिए चर्चा हुई। परिषद के समक्ष विचारार्थ रुचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत वार्ड 49 सेक्टर–2 सड़क 1 सामने फुटबाल एवं बॉस्केटबाल ग्राउण्ड निर्माण कार्य हेतु व्यय राशि 1 करोड़ 49 लाख 86,844 रुपये विचारार्थ रखा गया, जिसपर सहमति प्रदान करते हुए राशि उपलब्ध कराने हेतु शासन को पुनः स्मरण पत्र लिखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

नेहरु नगर भिलाई में निर्माणधीन ओवरब्रिज का नाम मुख्यमंत्री जी के घोषणा के अनुसार स्व. मोहन लाल बाकलीवाल के नाम पर रखने पर सहमति प्रदान करते हुए सामान्य सभा में भेजने के लिए अनुशंसा प्रदान की गई। जोन 03 के अंतर्गत पुराना रोजगार कार्यालय परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कार्य एवं जोन 03 के अंतर्गत पावर हाउस ओवरब्रिज के दोनों ओर म्युरल आर्ट के रंगरोगन एवं तीनों रिक्त दीवालों पर म्युरल आर्ट कार्य कराये जाने की स्वीकृति बाबत् कार्य हेतु रुचि के अभिव्यक्ति आमंत्रित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

निगम के कार्यों को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु 43 कम्प्युटर ऑपरेटरों की नियुक्ति ठेका श्रमिक निविदा के अनुसार कार्य कर रहें हैं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर छ0ग0 के आदेशानुसार बढ़े हुए निर्धारित दर की अतिरिक्त व्यय राशि 8,16443 अतिरिक्त बजट की स्वीकृति प्रदान की गई। निगम के विभिन्न विभागों में कार्यालयीन कार्यों के निष्पादन हेतु कम्प्युटर ऑपरेटरों की आवश्यकता है उन्हे प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से रखे जाने हेतु निविदा एवं क्रय श्रमिक की अनुशंसा अनुमोदनार्थ एवं कार्यों पर कुल व्यय राशि रुपये 86 लाख 94 हजार वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया जिसे समिति ने स्वीकृति प्रदान की।

बैठक के दौरान महापौर देवेन्द्र यादव सुपर स्मार्ट सिटी भिलाई प्लान की स्वीकृति के संबंध में परिषद के सदस्यों एवं आयुक्त के0एल0 चौहान से चर्चा की कि किस प्रकार हमसब अपने भिलाई को विश्व स्तर की सुपर स्मार्ट सिटी बनायेंगे जिसमें योजनानुसार 7 प्रकार के थीम पर आधारित होगा तालाब विकास, संरक्षण, सेंन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट, मार्केट विकास, सस्टेनेबल लिवेबल भिलाई, स्मार्ट अर्बन मोबिलिटी, ग्रीन भिलाई, इन्वायरमेंट कमिटेड सिटी, स्मार्ट सेंन्ट्रल भिलाई, सम्मिलित होगा। प्रोजेक्ट प्रस्ताव को कियान्वयन हेतु सुपर स्मार्ट सिटी प्लान का अनुमोदनार्थ कियान्वयन हेतु शासन को भेजे जाने हेतु समिति ने स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्यों ने योजनाओं को कियान्वयन करने हेतु आवश्यक बजट प्रदान करने बाबत् चर्चा की इस पर आयुक्त के0एल0 चौहान ने आवश्यकता के अनुरुप प्राथमिकता देते हुए उपलब्ध बजट के अुनसार शीघ्र करने को कहा ।

परिषद की बैठक के दौरान महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, डॉ. दीवाकर भारती, केशव बंछोर, दुर्गा प्रसाद साहू, जोहन सिन्हा, सुर्यकान्त सिन्हा, नरेश कोठारी, श्रीमती

सुभद्रा सिंह, सदीरन बानो, जोन क्रमांक 03 जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे, सचिव जीवन वर्मा आदि उपस्थित रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी